Nai Dunia (Indore), 27th March 2021, Page-1

# आइआइटी इंदौर के निदेशक को 'सूर्य गौरव पुरस्कार'

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन को तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए सूर्य गौरव राष्ट्रीय पुरस्कार-2021 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इंजीनियरिंग शिक्षा, आइआइटी इंदौर के स्थायी परिसर के विकास, पांच अत्याधुनिक अनुसंधान, शिक्षण प्रयोगशालाओं के विकास, उद्योग और अकादमिक सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया है। पुरस्कार सूर्यदत्त ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट पुणे ने भारत की स्वतंत्रता के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में प्रख्यात हस्तियों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देने के लिए दिया है। -**नईदुनिया**

